नई दिल्ली, गुरुवार
22 अगस्त 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+6=26

# दैनिक जाग

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प.

चांद की दूसरी कक्षा में पहुंचा चंद्रयान-2 9

अनिल कुंबले को बनाया जाए टीम इंडिया का मु

नई दिल्ली, गुरुवार, 22 अगस्त 2019

दैनिक जाग

# जागरण सिटी गुरुग्राम



गांव पहुंचने पर बृजेश यादव का स्वागत (अंदर पढ़ें)

www.ja

उमंग

हर साल 21 अगस्त को मनाया जाता है वरिष्ठ नागरिक दिवस, साइबर सिटी के कई बुजुर्ग सेवानिवृति के बाद भी हैं सक्रिय

# इन्हें बुजुर्ग न कहा जाए, इनसे भी है शहर की रौनक

पूनम • गुरुग्राम



कर्नल आरसी चड्ढा



धर्मसागर •



कृष्णा भट •



जीके भटनागर •



ओपी शर्मा •



एनबी नायर •

गुरुग्राम शहर को जीवंत बनाते हैं यहां के बुजुर्ग। वे शहर के लिए पुराने बरगद की छांव की तरह हैं। समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से जूझते हैं। सामाजिक मुद्दों, वंचितों की मदद, स्कूल न जाने वाले बच्चों को पढ़ाने से लेकर संगीत से समाज को सरस बनाने में गुरुग्राम के बुजुर्गों का सर्वाधिक योगदान है। वे शहर को रहने लायक बनाने में सक्रियता निभा रहे हैं। पर्यावरण बचाने में सक्रियता निभा रहे हैं। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए संघर्ष करते हैं। केएल सहगल, किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, मन्ना डे से लेकर खय्याम, मदनमोहन, आरडी बर्मन और तक के गीत संगीत से शहर को सजा रहे हैं तो लाफ्टर क्लब के माध्यम से हंसने हंसाने के लिए युवाओं, बच्चों और महिलाओं को प्रेरित कर रहे हैं।

शहर के अधिसंख्य आरडब्लयूए संगठनों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि बुजुर्ग है। सामाजिक संगठनों के प्रमुख बुजुर्ग। शहर को सबसे संवेदनशील हिस्सा बुजुर्गों से है। गुरुग्राम में बहुत एकाकी बुजुर्ग रहते हैं तो डीएलएफ से लेकर पालम विहार और सेक्टर 21, 22, 23 यानी दिल्ली बार्डर तक सीमा तक सीनियर सिटिजन एसोसिएशन बनाया है। ये एकाकी बुजुर्गों की देखभाल, मनोरंजन के साथ लाइब्रेरी की सुविधा और वंचित समाज को सहायता देने का काम भी करते हैं।

ग्लोबल कल्चरल फाउंडेशन के माध्यम में गायकों और संगीतकारों की एक टीम बनाने वाले 71 वर्षीय कर्नल आरसी चड्ढा ने 1971 और कारगिल के युद्ध में योगदान दे चुके हैं। वे खुद बहुत अच्छे गायक हैं। ग्लोबल कल्चरल फाउंडेशन संगीत के निःशुल्क कार्यक्रम करता आया है। गायकों, संगीतकारों, सितारों की याद में संगठन कार्यक्रम करता रहा है। सामाजिक रूप से बेहद सक्रिय आरसी चड्ढा बुजुर्गों के संगठनों के कार्यक्रमों रंग भरते हैं। वे युवाओं कार्यक्रमों भी अपने संगीत के जादू से लोगों आनंदित करते रहे हैं।

पेशे से उद्योगपति धर्म सागर ने फोरवा यानी फोरम ऑफ आरडब्ल्यूए एसोसिएशन स्थापित किया। वे शहर की समस्याओं को लेकर लंबे समय से लड़ते रहे हैं। आरडब्ल्यूए संगठनों को जोड़कर बिजली पानी, सीवेज से लेकर हर मुद्दे पर अधिकारियों के साथ मिलकर संघर्ष करते रहे हैं। वे सेक्टर चार के सामुदायिक भवन में लगभग हर हफ्ते बुजुर्गों के लिए विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

सेक्टर 21, 22, 23 के सीनियर सिटिजन एसोसिएशन के अध्यक्ष ओपी शर्मा आरडब्ल्यूए संगठनों के साथ शहर की समस्याओं को लेकर तो सक्रिय है ही वे बुजुर्गों के अधिकारों और सहायता के कार्य में भी जुटे हैं। अपने संगठन के माध्यम से उन्होंने जरूरत मंदों बच्चों की शिक्षा का बीड़ा उठाने से लेकर वंचित परिवारों की बेटियों की शादी कराने का भी बीड़ा उठाया है।

भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिक रह चुके बुजुर्ग एनबी नायर सेक्टर 31 की यूनिवर्ल्ड गार्डन सिटी में रहकर सोसायटी के आस-पास के स्कूलों के सुधार का कार्यक्रम चलाने में योगदान ही नहीं किया बल्कि शहर के पर्यावरण पर काम कर रहे संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाई। केवल अपनी सोसायटी ही नहीं कई सोसायटियों को प्लास्टिक फ्री सोसायटी बनाने, कचरा प्रबंधन करने में योगदान किया। उनके नेतृत्व में उनके सोसायटी की महिलाओं ने सरकारी और जरूरतमंद बच्चों के स्कूल में बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने और उनके व्यक्तित्व विकास और स्कूल में टॉयलेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया है।

साउथ सिटी टू में रहने वाले बुजुर्ग जीके भटनागर सुधा सोसायटी के माध्यम से यहां के वंचित बच्चों के लिए विशेष स्कूल चला रहे हैं। वे हर अवसर उन बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित करते रहे हैं। डीएलएफ फेज फोर स्थित हैमिल्टन कोर्ट की पूर्व आरडब्लयूए अध्यक्ष कृष्णा भट्ट ने अपनी उम्र का ख्याल कभी नहीं किया। उनके नेतृत्व सोसायटी गुरुग्राम में सबसे पहले वैज्ञानिक तरीके से विकेंद्रीकृत कचरा प्रबंधन करने वाली सोसायटी बनी। उन्होंने रद्दी कागजों को रिसाइकिल करा बच्चों के लिए नोटबुक तैयार कराने का अभिनय पुराने पन्ने नए सपने शुरू कराया था।

उमेश सहगल ने लाफ्टर क्लब के माध्यम से जीवन शैली जनित समस्याओं के समाधान का स्वरूप दिया है। शहर के विभिन्न हिस्सों में लाफ्टर क्लब सक्रिय है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. टीएन आहूजा ऐसे बुजुर्ग जिन्होंने निरामया आई बैंक और निरामया चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से पांच हजार से ज्यादा नेत्र दिव्यांगों को ज्योति देने का काम किया है। वे निःशुल्क आई कैंप, मोतियाबिंद की सर्जरी, मोबाइल वैन और कार्निया ट्रांसप्लांट के माध्यम से समाज को लाभान्वित कर रहे हैं।

नई दिल्ली, बुधवार
23 जनवरी 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20+8=28
www.jagran.com


# दैनिक जागरण

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

पूरा देश होगा केरोसिन मुक्त 10
आइसीसी पुरस्कारों में छाए कोहली 16

## दैनिक जागरण गुरुग्राम

शिक्षा के साथ जरूरतमंदों को सक्षम बनाते हैं गोपाल कृष्ण भटनागर V



बेत मिली तो नपेंगे निगम अधिकारी : निगमायुक्त VII www.jagran.com

V
दैनिक जागरण
नई दिल्ली, 23 जनवरी 2019
www.jagran.com

## गरीबी उन्मूलन

Tech Mahindra SMART ACADEMY FOR HEALTHCA



# शिक्षा के साथ जरूरतमंदों को सक्षम बनाते गोपाल कृ यह

## सुधा सोसायटी जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को देती है शिक्षा

पूनम • गुरुग्राम

निस्वार्थ सेवा के बूते जरूरतमंदों के बीच शिक्षा, रोजगार और सामाजिक एकता का संदेश दे रहे हैं गोपाल कृष्ण भटनागर। सुधा के साथ सुधार अपनी सोसायटी के लिए यह नारा दिया। सुधा सोसायटी यानी सोसायटी फॉर अपलिफ्टमेंट एंड डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमन बिंग बाई एक्शन ( सुधा ) के अधीन मूल रूप से जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा दी जाती है। साउथ सिटी टू के ए ब्लॉक में गोपाल कृष्ण भटनागर के नेतृत्व में 14 लोगों की टीम बच्चों को पढ़ाने, उनके लिए शिक्षण सामग्री, शिक्षकेत्तर गतिविधियों की सामग्री तो उपलब्ध कराती ही है, उन बच्चों के परिवारों की आर्थिक सहायता भी संगठन की ओर से किया जा रहा है। ताकि वे बच्चे बेहतर जिंदगी जी सके। उन बच्चों के अनौपचारिक स्कूल लगते हैं। सोसायटी की कई महिलाएं उन्हें शिक्षा देने आती है। जो बच्चे स्कूल नहीं जाते उन्हें तैयार कर हर साल आर्थिक पिछड़े बच्चों के कोटे से बड़े निजी स्कूलों या सरकारी स्कूलों में दाखिला कराया जाता है। कुछ स्कूलों के बच्चे भी यहां अपनी पढ़ाई को पूर्ण करने आते हैं। उद्देश्य है कि वे लोग जो सहायक रूप में हमारा जीवन सुगम कर रहे हैं, उनका जीवन बेहतर हो।

**विभिन्न अवसरों पर कार्यक्रम समाज को जोड़ने की कोशिश :** केवल बच्चों की



गोपाल कृष्ण भटनागर •

### आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षक

सिंडीकेट बैंक में सीनियर मैनजर के पद पर रह चुके जीके भटनागर रूडसेट में निदेशक रह चुके हैं। वर्ष 2009 में सुधा सोसायटी का रजिस्ट्रेशन कराया गया था। रूडसेट के माध्यम से उन्होंने काफी संख्या में युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिलवाते रहे हैं। कंप्यूटर, एसी रिपेयरिंग, ब्यूटी कल्चर, गारमेंट मेकिंग जैसे व्यवसायिक प्रशिक्षण दिलवाते रहे हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत विश्व बैंक महिला संशक्तीकरण प्रोजेक्ट के लिए भी काम कर चुके हैं।

शिक्षा ही नहीं साउथ सिटी टू जैसी पॉश कॉलोनी के आम लोग, शहर के खास लोगों और जरूरतमंद परिवारों को एक सूत्र में पिरोने का काम भी करते हैं सुधा सोसायटी प्रमुख गोपाल कृष्ण भटनागर। ताकि समाज के सभी वर्ग के लोग एक दूसरे से जुड़ सके। वर्ग भेद, जाति भेद समाज को एक दूसरे से दूर कर रहा है। वे आर्ट ऑफ लिविंग के साधक भी हैं और संभवतः योग की सुदर्शन क्रिया का सकारात्मक प्रभाव सामाजिक समरसता के इस अभियान में सहायक बन जाती है।

चाहे करगिल विजय दिवस हो या बाल दिवस, पर्यावरण दिवस, पृथ्वी दिवस गणतंत्र दिवस या फिर होली, दीपावली सुधा सोसायटी साउथ सिटी टू में कार्यक्रम आयोजित कराते हैं। सामाजिक समरसता को ऐसा उदाहरण विरले देखने को मिले। सांस्कृतिक कार्यक्रम सुधा द्वारा चलाए जा रहे अनौपचारिक स्कूल के बच्चे पेश करते हैं। इसमें पूर्व सैनिकों, सामाजिक मुद्दों पर कार्य करने वाले लोगों का सम्मान भी होता है, साउथ सिटी टू के आम लोग भी इन कार्यक्रमों में भागीदारी निभाते हैं। अकसर सुधा सोसायटी ऐसे कार्यक्रम करती है और सबलोग इसमें समान साझीदार होते हैं। करीब 65 से 70 बच्चे सुधा के अनौपचारिक स्कूल में पढ़ रहे हैं। इन बच्चों को आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के कोटा में बड़े निजी स्कूलों में दाखिले के लिए तैयार किया जाता है। सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलवाया जा रहा है। साथ ही जो बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, उनके लिए संगठन ट्यूशन की व्यवस्था भी इस अनौपचारिक स्कूल में शाम के वक्त और छुट्टी वाले दिन करता है।

नई दिल्ली, मंगलवार
22 अक्टूबर 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+10=28

दैनिक जागरण

दैनिक जागरण
गुरुग्राम

जरूरतमंद बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व निखारती हैं हिमा जोशी

VII



# जरूरतमंद बच्चों का संपूर्ण व्यक्तित्व निखारती हैं हिमा जोशी

लक्ष्मी पूजन
नारी सशक्तीकरण

पूनम • गुरुग्राम

साउथ सिटी-2 के ए ब्लॉक में आसपास के जरूरतमंद बच्चों के लिए सुधा सोसायटी का एक ओपन स्कूल चलता है। इस स्कूल में करीब 70 बच्चे आते हैं। कुछ स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी विशेष ट्यूशन के लिए आते हैं। सुधा सोसायटी के इस स्कूल में हर अवसर पर कार्यक्रम होते हैं, जिनमें बच्चों की पूरी भागीदारी होती। स्कूल में एक महिला बच्चों को खासतौर पर छोटे बच्चों को बहुत ही समर्पित भाव से पढ़ाती नजर आती हैं। बच्चे नई चीजें सीखें, इसके लिए तरह-तरह के प्रयोग करती हैं। इस महिला का नाम है हिमा जोशी।

सुधा सोसायटी के बच्चों को स्कूलों में दाखिले के लिए तैयार किया जाता है। उनके व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इस स्कूल को चलाने में पड़ोस की शीशपाल विहार में रहने वाली हिमा जोशी का योगदान काफी महत्वपूर्ण है। सुधा सोसायटी प्रमुख जीके भटनागर बताते हैं कि हिमा बड़ी शिद्दत से उन बच्चों को पढ़ाती हैं। केवल पढ़ाई ही नहीं योग, व्यायाम, चित्रकला जैसे उसके पास बहुत सारे नए तरीके होते हैं ताकि बच्चे खेल-खेल में सीख लें। वे कहते हैं कि मेरे केंद्र में हिमा का यह स्वैच्छिक योगदान बहुत मायने रखता है।



साउथ सिटी टू के ए ब्लॉक में बच्चों को व्यायाम करवाती हुई हिमा जोशी • जागरण



हिमा जोशी •

हिमा जोशी गृहिणी हैं। उनके दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा संकल्प आठवीं कक्षा में पढ़ता है और छोटा पार्थ दूसरी कक्षा का छात्र है। हिमा बतौर फैशन डिजाइनर नौ साल नौकरी कर चुकी हैं। वे बताती हैं कि बच्चे के जन्म के बाद मैंने नौकरी छोड़ दी। पति का कामकाज के दौरान विदेश दौरा होता रहता है। मैं सुधा सोसायटी के बच्चों के बीच बच्चों के जन्मदिन और कार्यक्रमों में जाती थी तो मुझे अपना बचपन याद आता था। हम जमीन से जुड़े लोग है। भगवान ने हमें कुछ दिया है तो उसका शुक्रिया अदा करना हमारी जिम्मेदारी है। मैं चाहती हूं कि ऐसे नौनिहालों के बीच काम करूं जो किसी कारण वश वंचित हैं। मेरा छोटा बेटा पहले 12.30 बजे घर आ जाता था तब मैं कहीं और जाकर समय नहीं दे सकती थी। जब बेटे के स्कूल की छुट्टी का समय 3.30 बजे हो गया तब मैं नियमित रूप से सुधा सोसायटी में आने वाले बच्चों को पढ़ाने आने लगी। करीब दो घंटे का समय यहां मैं देती हूं मगर वे दो घंटे बहुत संतोष देते हैं। मैं नए प्रयोग इसलिए कर पाती हूं क्योंकि मेरे खुद के बच्चे छोटे हैं। उनके स्कूलों में नैतिक शिक्षा, योग, व्यायाम और ऐसे कई नए तरीकों से चीजें सिखाई जाती है। मैं उन तरीकों को फॉलो करती हूं और सुधा सोसायटी के ओपन स्कूल में आने वाले बच्चों पर वही प्रयोग करती हूं। मैं कोशिश करती हूं कि एक अच्छे स्कूल के बच्चों को जो मॉड्यूल पढ़ाने और सिखाने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है, वह सब उन बच्चों को भी मिले। हमारा लक्ष्य इन बच्चों को भी उसी स्तर पर लाना है। हमलोग बच्चों का दाखिला या तो सरकारी स्कूल या फिर ईडब्ल्यूएस कोटा में नामचीन स्कूल में कराते हैं। इसके बाद भी हमारी जिम्मेदारी बनी रहती है। हम बच्चों को जहां कमी होती है, वहां ट्यूशन देते हैं ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर सके। सुधा सोसायटी ने पिछले दस सालों में ऐसे करीब 500 बच्चों का दाखिला विभिन्न स्कूलों में कराया है।

नई दिल्ली, रविवार
23 जून 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+8+2+4=34

# दैनिक जाग

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल

गोली के बदले गुलदस्ता नहीं

दलहन पर अंधेरे में तीर चला रही सरकार 10

दैनिक जा

नई दिल्ली, रविवार, 23 जून 2019

# जागरण सिटी गुरुग्राम

WW



पानी की बर्दादी रोकनी होगी : कुलदीप जांघू

# सिटी के लोगों में योग के प्रति रुझान बढ़ा

## की विभिन्न सोसायटियों के पार्कों में अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित, लोगों में दिखा उत्साह

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम** : विश्व योग दिवस पर शहर की विभिन्न सोसायटियों और कॉलोनियों में योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए। योग कार्यक्रमों के अलावा भजन और संगीत के कार्यक्रम भी किए गए। कन्हई के एक्रो योगा से जुड़े बच्चों ने सामूहिक योगासन के कई कठिन योग भी दिखाए। शहर के विभिन्न पार्कों में योग के कार्यक्रम हुए। योग के कार्यक्रमों में लोगों ने प्रार्थना, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, वक्रासन, मकरासन आदि किया।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गुरुग्राम के न्यू कालोनी स्थित बैडमिंटन कोर्ट परिसर में हास्य योग क्रिया करते साधक • जागरण

किरण कालरा ने लोगों को योग सिखाए। रितु गोयल और नीलम मागी ने शिविर का प्रबंधन किया।

**सुधा सोसायटी की ओर योग कार्यक्रम:** साउथ सिटी टू की सुधा सोसायटी और भारतीय योग संस्थान की ओर सेक्टर-47 स्थित शीशपाल विहार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यहां योगासनों में ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) केएस दलाल ने लोगों को योग सिखाए। सुधा सोसायटी के अध्यक्ष जीके भटनागर उर्वशी पुरी, अजय कुमार गोयल, बीके सिंगला, मेजर जनरल नरेंद्र कुमार समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

**जवाहर नगर में लगाया योग शिविर:** जवाहर नगर योग समिति और आरडब्ल्यूए की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लोगों ने बहुत ही उत्साहपूर्वक हिस्सा

**सेक्टर-10 में बुलंद आवाज ने योग का महत्व बताया:** सेक्टर-10 पार्क में बुलंद आवाज संगठन, सोसायटी फॉर कलर कोड फाउंडेशन और सेंटर फॉर साइट की ओर विश्व योग दिवस मनाया गया। सेक्टर के पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता रमन मलिक मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि पार्षद ब्रह्म यादव, समाजसेवी रामधन यादव, महेंद्र यादव, आरडब्ल्यूए प्रधान हरिद्वारी लाल, ऋतु गोयल, बुलंद आवाज प्रमुख कुलदीप हिंदुस्तानी शालिनी चौधरी, मीनाक्षी गुप्ता समेत कई समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद थे। पालम विहार गुरुकुल के बच्चों ने योग का महत्व बताते हुए नुक्कड़ नाटक किया। योगांता स्टूडियो की संचालिका रेखा द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया गया।

**संत निरंकारी सत्संग भवन में योग शिविर:** बसई रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में योग शिविर लगाया गया। सेक्टर-31 और पटौदी रोड में संत निरंकारी मिशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगासन कराए गए। मिशन के दिल्ली के योग प्रशिक्षक अनिल कुमार ने योग प्रशिक्षण दिए। संगठन के गुरुग्राम संयोजक और साउथ दिल्ली के इंचार्ज एमसी नागपाल ने बताया कि संगठन की ओर से देशभर में 400 जगहों पर योग कराया गया। न्यू कॉलोनी स्थित बैडमिंटन कोर्ट में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**डीएलएफ गार्डन सिटी में योग:** सेक्टर-90 स्थित डीएलएफ गार्डन सिटी में योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिवानंद सेंटर की ओर से यहां योग गुरु नवीन कटारिया ने लोगों को योगासन कराए।

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"
संस्थापक : शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी एवं अमर शहीद रमेश चन्द्र जी
हरियाणा संस्करण
पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार
PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom
मंगलवार, 4 जून, 2019 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 21 ज्येष्ठ 2076

गुड़गांव केसरी
तापमान अधिकतम 44° | न्यूनतम 31° आज मौसम साफ रहेगा। सूर्योदय 05.24 | सूर्यास्त 07.16

# जल-जंगल बचाने के लिए मनाया पर्यावरण सप्ताह

**पौधे और छायादार वृक्ष लगाने का लिया संकल्प**

बादशाहपुर, 3 जून (अ): हर आस चाहे श्वास, बिना वृक्ष धरती पर जीवन कैसे संभव हैं। इस संकल्प के साथ सुधा सोसाइटी एव पारस आइरीन रेजिडेंट सोसाइटी ने संयुक्त रूप से पर्यावरण सप्ताह मनाया, जहां 100 से अधिक फलों के पौधे और छायादार वृक्ष की पौध लगाने का संकल्प लिया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर 70ए गुड़गांव में संपन्न हुआ। हर एक लगाये पेड़ के नारे को परिणामकारक बनाने के लिये सुधा सोसाइटी एव पारस आइरीन रेजिडेंट सोसाइटी के सभी लोगों को बांटे गए पौधों को अपने अपने क्षेत्र में लगाने का आज संकल्प लिया गया। ग्रीन बेल्ट के विकास की संकल्पना एव उसकी देखरेख की ज़िम्मेदारी पारस आइरीन फैसिलिटिस टीम को दिया गया। आम, आंवला, जामुन, केसिया, अमलतास, गुलमोहर, बड, पीपल, नीम, गुलर, बिल्व (बैल) की



सुधा सोसाइटी द्वारा जल जंगल अभियान के दौरान उपस्थित लोग

नई दिल्ली, रविवार
13 जनवरी 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24+8+4+4=40

# दैनिक जाग

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश औ

बैरक में गुमसुम टहलता रहा गुरमीत 6

योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करेगी अ

नई दिल्ली, रविवार, 13 जनवरी 2019

दैनिक जाग

# जागरण सिटी गुरुग्राम



कराधान विभाग के दामन पर दाग : नवीन गुप्ता (अंदर पढ़ें)



# धर्म के महान ध्वजवाहक थे विवेकानंद

## संस्थानों में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए




सेक्टर नौ स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर एड्स जैसी बीमारी के लिए जागरूक रैली निकालते विद्यार्थी • जागरण



विद्यार्थियों को संबोधित करते विवि के कुलपति डॉ. मार्कंडेय आहूजा • जागरण



छात्रों को संबोधित करती कन्या कुमारी स्थित विवेकानंद केंद्र से आई रेखा दवे • जागरण



सुधा सोसाइटी द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाये गए राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में सुधा ओपन स्कूल के बच्चे योग एवं ध्यान क्रिया सिखते हुए • जागरण

विद्यार्थियों को बताया कि व्यक्ति का कोई धर्म नहीं होता है। वेदांत का अर्थ हम सब है। हम सबमें ईश्वर का वास है। ऐसे में हमें धर्म से परे हटकर केवल एक ईश्वर पर ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी पांडे, डॉ. वंदना वर्मा, कर्मवीर समेत सभी प्राध्यापक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

**सैक्टर नौ स्थित राजकीय महाविद्यालय:** सेक्टर नौ स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विवेकानंद के सिद्धांतो से प्रेरणा लेने के लिए कहा। कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. प्रवीण फौगाट ने बताया कि इस मौके पर विद्यार्थियों ने एड्स बीमारी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। रैली कॉलेज प्रांगण से शुरू होकर उसके आसपास के क्षेत्र से होते हुए वापस कॉलेज पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित घटनाओं के बारे में बताया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रगति पहले, ज्योति दूसरे और खेम सिंह तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेश धनेरवाल ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन के बारे में बताते हुए उनको बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

देश के कर्णधार युवाओं को जागृति देकर आंदोलित करनेवाले तेजस्वी विचारों एवम विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस को सुधा सोसाइटी ने बड़े उत्साह से मनाया। इस उपलक्ष्य में सुधा सोसाइटी ने सुधा ओपन स्कूल के छात्रों के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस का आरंभ चित्त शुद्धि से व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम से किया। इस अवसर पर लाइफ स्किल एक्सपर्ट कीर्ति सुपारेजी के मार्गदर्शन में 70 छात्रों को योग एवम ध्यान सिखाया गया। सुधा सोसाइटी के जीके भटनागर ने सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व को समझाया और स्वामीजी के विचारों का युग अनुरूप प्रासंगिकता पर बेहद सटीक वर्णन किया। इस दौरान शशि किरण भटनागर, नीना अग्रवाल, सोनिया भाटिया और रचना सोनी, नीमा, भावना कांत, डॉ. एनराव मौजूद रहे।

नई दिल्ली, सोमवार
8 अप्रैल 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16+6=22

# दैनिक जाग

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगा

कांग्रेस का मंत्र 'अब होगा न्याय' 11 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के नारे पर ल

नई दिल्ली, सोमवार, 8 अप्रैल 2019
दैनिक जाग


# जागरण सिटी गुरुग्राम



विभाजन में पाक से आए लोग पुरुषार्थी : गोयल ||| www.

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शिविर लगाया

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : साउथ सिटी टू स्थित ए वन ब्लॉक में सुधा सोसायटी की ओर विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में संस्था द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए चलाए जा रहे ओपन स्कूल के साठ बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। बच्चों और उनके परिजनों को पौष्टिक आहार और कम खर्च में विटामिन और खनिज तत्व से भरपूर आहार और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य शिविर में एमडी मेडिसिन डॉ. अक्षय कुमार मिश्रा ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। सोसायटी की ओर से बच्चों को दवाएं दी गई। अमिताभ खरे, मनीष राठी, अमर नाथ झा, सुधा सोसायटी के अध्यक्ष जीके भटनागर, अनिल दत्ता समेत कई गण्यमान्य लोग इस मौके पर मौजूद थे।




विश्व स्वास्थ्य दिवस पर साउथ सिटी टू स्थित ए वन ब्लॉक मैं सुधा सोसायटी की ओर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर मैं बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक • जागरण

नई दिल्ली, गुरुवार
14 मार्च 2019
गुरुग्राम
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 16+6=22

# दैनिक जाग

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगा

www.jagran.com

चुनाव को बनाएं लो

जीएसटी काउंसिल की बैठक के लिए निर्वाचन आयोग की मंजूरी 8


दैनिक जागरण

# गुरुग्राम

यंत्रण बोर्ड ने विभागों से मांगा जवाब : कुलदीप

www

## धूमपान निषेध दिवस पर बच्चों ने की अपील




धूमपान निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में साउथ सिटी टू स्थित सुधा सोसायटी से जुड़े बच्चे रैली निकालकर लोगों को जागरुक करते हुए • जागरण

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : जीते जी क्यों दे रहे हैं अपने मुंह में आग, करो स्व, पर हित के लिए धूमपान का त्याग...। आप सिगरेट को नहीं सिगरेट आपको पीती है, नतीजा है सिर्फ मौत। विश्व धूमपान निषेध दिवस पर साउथ सिटी टू के ए ब्लॉक में सुधा सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे बच्चों के ओपन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सेक्टर के गणमान्य लोगों के साथ एक रैली निकाली और लोगों को धूमपान से बचने की सलाह दी।

हाथों में तख्तियां लिए 55 बच्चे सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ इस रैली में निकले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूरदर्शन के महानिदेशक (सेवानिवृत) एसएस बिंद्रा थे। उन्होंने धूमपान के व्यक्तिगत और सामाजिक दुष्प्रभावों को रेखांकित किया। इस मौके पर बच्चों ने धूमपान के दुष्प्रभाव को दर्शाते हुए एक नाटक का भी मंचन किया। कार्यक्रम में दिप्ती गोयल, नीना अग्रवाल, सोनिया भाटिया, अनिल दत्ता और संगठन के संस्थापक जीएस भटनागर समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

RNI NO. HARHIN/2018/75109

वर्ष 1 अंक 333


फरीदाबाद, रविवार, 13 जनवरी, 2019

पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये



## संक्षिप्त समाचार

### सुधा सोसायटी ने भी मनाई विवेकानंद जयंती



**गुरुग्राम।** देश के कर्णधार युवाओं को जाग्रति देकर आंदोलित करने वाले तेजस्वी विचारों एवं विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस को सुधा सोसाइटी ने बड़े उत्साह से मनाया। इस उपलक्ष्य में सुधा सोसाइटी ने सुधा ओपन स्कूल के छात्रों के साथ ए-1 ब्लॉक दक्षिण सिटी-2 गुरुग्राम में राष्ट्रीय युवा दिवस का आरम्भ चित्त शुद्धि से व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम से किया। जहां लाइफ स्किल एक्सपर्ट कीर्ति सुपारेजी के मार्गदर्शन में 70 छात्रों को योग एवं ध्यान सिखाया गया। कार्यक्रम में सुधा सोसाइटी के अध्यक्ष जीके भटनागर ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व को समझाया और स्वामीजी के विचारों का युग अनुरूप प्रासंगिकता पर बेहद सटीक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि अगर युवा अपने जीवन में किसी भी क्षेत्र में कामयाब होना चाहते हैं तो उन्हें स्वामी जी के विचारों का आत्मसात करना होगा। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि शिक्षा से जुड़ी पुस्तकों के साथ महापुरुषों की जीवनी को भी निरंतर पढ़ें, ताकि उनका मजबूती से बौद्धिक विकास हो। इस मौके पर शशि किरण भटनागर, नीना अग्रवाल, सोनिया भाटिया और रचना सोनी, नीमा, भावना कांत, डॉ. एन राव, गोयल यहां मौजूद रहे।

विदेश

सौतेले पिता ने...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

स्पोर्ट्स

विराट की चोट

संस्थापक : शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी एवं अमर शहीद रमेश चन्द्र जी

हरियाणा संस्करण

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

दिल्ली,

सोमवार 3 जून 2019 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 20 ज्येष्ठ 2076

# गुरुग्राम केसरी

पंजाब केसरी DELHI

PunjabKesari.c

पहली नजर

## बच्चों ने 100 से अधिक पौधों का किया रोपण



**गुरुग्राम**, एमके अरोड़ा (पंजाब केसरी): जल, जंगल व जमीन बचाना है, धरती को हरा बनाना है, जीवन की संभावना को बढ़ाना है, हमे पर्यावरण बचाना है। बिना वृक्ष के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उक्त विचार सामाजिक संस्था सुधा सोसायटी व पारस आइरीन रेजिडेंट सोसायटी द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित किए गए पौधारोपण अभियान में आए लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने कही। उन्होंने कहा कि लोगों को वितरित किए गए पौधों को अपने अपने क्षेत्र में लगाने का आग्रह भी किया गया। उन्होंने आग्रह किया गया कि पौधारोपण करने के बाद पौधों की देखभाल करें। इस अवसर पर आम, आंवला, जामुन, केसिया, अमलतास, गुलमोहर, बड, पीपल, नीम, गुलर, बिल्व आदि के करीब 100 से अधिक पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में दीप यादव, अतुल सहगल, राघवेश रंजन, संतोष कुलकर्णी, आकाश अग्रवाल, अमिताभ खरे, अजय कुमार गोयल, मीनाक्षी रंजन, संजोली झा, सोनिया भाटिया, एचपीएस तिवाना आदि मौजूद रहे।

Govt. Reg. No. 114/2017

# Nature Science Foundation


Coimbatore - 641 004, Tamil Nadu, India.

Nature Science Foundation

## Certificate of Merit

NSF/BSWA/2020/03

## Best Social Worker Award



This is to certify that

**Mr. GOPAL KRISHNA BHATNAGAR**

President, Society for Upliftment and Dev of Human Beings by Action (Sudha), Haryana has been honoured with

**"Best Social Worker Award"**

for his outstanding performance as well as social service activities in Public welfare having adjudged during the academic year 2019-20 by Nature Science Foundation, Coimbatore, Tamil Nadu, India.

Chairman
Nature Science Foundation

Secretary
Nature Science Foundation